निर्देशक अली अब्बास जफर की फिल्म में गैंगस्टर बनेंगे अहान पांडे

भास्कर नेटवर्क | मुंबई

यशराज बैनर की फिल्म 'सैयारा' से चर्चा में आए अभिनेता अहान पांडे अब अपने दूसरे बड़े प्रोजेक्ट के अंतिम चरण की शूटिंग में पहुंच गए हैं। इंडस्ट्री सूत्रों के अनुसार, निर्देशक अली अब्बास जफर की अनाम रोमांटिक-एक्शन फिल्म का करीब दो महीने लंबा यूनाइटेड किंगडम (यूके) शेड्यूल पूरा हो चुका है। इस दौरान फिल्म के कई अहम ड्रामेटिक सीक्वेंस और तीन बड़े गानों की शूटिंग की गई। फिल्म में अहान के साथ शरवरी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। वहीं, बॉबी देओल, जिमी शेरगिल और ऐश्वर्य ठाकरे भी अहम किरदार निभा रहे हैं। अब टीम भारत में बची हुई शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन का काम पूरा करेगी। निर्माताओं की योजना फिल्म को 26 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज करने की है।

यूके में 60 दिन चली शूटिंग

फिल्म से जुड़े सूत्रों के अनुसार...'यूनाइटेड किंगडम (यूके) का करीब 60 दिन लंबा शेड्यूल इस प्रोजेक्ट के सबसे बड़े विदेशी शूटिंग शेड्यूल्स में शामिल रहा। इस दौरान फिल्म के कई अहम एक्शन, इमोशनल और रोमांटिक दृश्यों के साथ तीन बड़े गानों की शूटिंग की गई। शेड्यूल के अंतिम चरण में बर्मिंघम में अहान पांडे और शरवरी पर एक रोमांटिक गीत और कुछ महत्वपूर्ण भावनात्मक दृश्य फिल्माए गए। यूनिट ने कई अलग-अलग लोकेशनों पर शूटिंग की, ताकि फिल्म का विजुअल स्केल भव्य और अंतरराष्ट्रीय स्तर का नजर आए। अब टीम भारत में बची हुई शूटिंग और पोस्ट-प्रोडक्शन पर ध्यान देगी।'

तीन बड़े गानों पर रहा खास फोकस

सूत्रों के अनुसार...'यूके शेड्यूल में फिल्म के तीन बड़े गानों की शूटिंग की गई। इनमें एक सोलो गीत पूरी तरह अहान पांडे के किरदार पर आधारित है, जिसे बर्मिंघम के टाउन हॉल इलाके में फेस्टिवल जैसे माहौल के बीच फिल्माया गया। इस गाने में बड़ी संख्या में डांसर्स और स्थानीय कलाकार शामिल हुए। वहीं, अहान और शरवरी पर दो रोमांटिक गानों की शूटिंग बर्मिंघम, कोवेंट्री, पेनरिथ और कार्लाइल की खूबसूरत लोकेशनों पर हुई। तीनों गानों की कोरियोग्राफी विजय गांगुली ने की है। सूत्रों के मुताबिक, फिल्म में संगीत कहानी को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएगा।'

गैंगस्टर बनने की यात्रा पर आधारित कहानी

फिल्म की कहानी को लेकर अभी आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन इंडस्ट्री सूत्रों के मुताबिक यह सिर्फ एक गैंगस्टर फिल्म नहीं होगी। कहानी एक ऐसे युवा की यात्रा दिखाएगी, जो परिस्थितियों के चलते अपराध की दुनिया में कदम रखता है और धीरे-धीरे एक खतरनाक गैंगस्टर बन जाता है। इस सफर में उसके जीवन के कई अलग-अलग पड़ाव देखने को मिलेंगे। सूत्रों का कहना है कि अहान पांडे का किरदार अलग-अलग उम्र और मानसिक परिस्थितियों से गुजरता नजर आएगा।



फिल्म में मेंटॉर की भूमिका निभाएंगे बॉबी देओल

फिल्म में बॉबी देओल का किरदार कहानी का अहम आधार होगा। बताया जा रहा है कि उनका पात्र अहान पांडे के किरदार को अपने संरक्षण में लेकर अपराध की दुनिया में आगे बढ़ाता है। यानी वह एक प्रभावशाली मेंटॉर के रूप में नजर आएंगे, जो कहानी की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वहीं, ऐश्वर्य ठाकरे फिल्म के मुख्य विलेन की भूमिका में दिखाई देंगे। अहान और ऐश्वर्य के किरदारों के बीच टकराव कहानी का बड़ा आकर्षण होगा।

टाइगर की नई एक्शन फ्रेंचाइज का ऐलान

अभिनेता टाइगर श्रॉफ जल्द ही एक नई एक्शन फ्रेंचाइज में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्माण बिजनेसमैन और 'बिग बॉस 17' से पहचान बनाने वाले विक्की जैन करेंगे। उन्होंने अपने जन्मदिन के मौके पर 'VJ फ्रेम्स' नाम से नए प्रोडक्शन हाउस की शुरुआत की है। यह बैनर की पहली फिल्म होगी। फिल्म का निर्देशन रेमो डिसूजा करेंगे। इसमें टाइगर मुख्य भूमिका निभाएंगे। उनके साथ अभिषेक बनर्जी और एल्विश यादव भी अहम किरदारों में दिखाई देंगे। हालांकि फिल्म की कहानी, रिलीज डेट और अन्य कलाकारों को लेकर अभी कोई जानकारी साझा नहीं की गई है।

सलमान खान ने घटाई फीस, फिल्म SVC63 के लिए 70 करोड़ रु. मिले

सलमान खान ने वामशी पेडिपल्ली के निर्देशन में बन रही फिल्म 'SVC63' के लिए कथित तौर पर 70 करोड़ रुपए की फीस तय की है। रिपोर्ट्स के मुताबिक...'सलमान आमतौर पर एक फिल्म के लिए 120 करोड़ रुपए या उससे अधिक फीस लेते हैं। ऐसे में यह रकम उनकी नॉर्मल फीस का लगभग 60% बताई जा रही है। सलमान के पुराने दोस्त रफी काजी इस प्रोजेक्ट में मीडिएटर का काम कर रहे हैं। उनका नाम फिल्म के प्रोड्यूसर्स में भी शामिल रहेगा। इसी दोस्ती की वजह से सलमान अपनी अपफ्रंट फीस कम करने के लिए तैयार हुए हैं।' हालांकि सूत्र ने यह साफ नहीं किया कि इस समझौते में सलमान खान को फिल्म के मुनाफे में हिस्सेदारी मिलेगी या नहीं। पिछले कई सालों से उनकी फिल्मों में इस तरह की व्यवस्था होने की बात सामने आती रही है। बता दें कि सलमान इन दिनों फिल्म 'SVC63' की शूटिंग कर रहे हैं। इस एक्शन फिल्म को दिल राजू की श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस प्रोड्यूस कर रही है। फिल्म में नयनतारा पहली बार सलमान के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। फिल्म ईद 2027 पर रिलीज होगी। फिलहाल फिल्म की शूटिंग चल रही है। 'दबंग' (2010) के बाद सलमान ने अधिकतर फिल्मों में अपनी हिस्सेदारी रखी है। दबंग का निर्माण उनके भाई अरबाज खान ने किया था, जबकि 'बॉडीगार्ड' (2011) उनकी बहन अलवीरा खान अग्निहोत्री ने बनाई थी। बाद की कई फिल्मों में उनके होम बैनर SKF की मौजूदगी रही। वहीं बाहरी प्रोड्यूसर्स के साथ काम करने पर भी उन्होंने कई बार फिल्म के IPR या OTT और सैटेलाइट अधिकारों में हिस्सेदारी रखी। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि 2010 से उनकी फिल्मों के OTT और सैटेलाइट अधिकारों का मूल्य लगभग 120 करोड़ से 140 करोड़ तक रहा है।

नीब करौरी बाबा से प्रेरित है 'हनुमान अंश'



नीब करौरी बाबा के जीवन और आध्यात्मिक यात्रा से प्रेरित फिल्म 'हनुमान अंश' की रिलीज डेट बदल दी गई है। मेकर्स ने सोशल मीडिया के जरिए जानकारी दी है कि अब यह फिल्म 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। पहले इसकी रिलीज किसी और तारीख पर तय थी। फिल्म का लेखन और निर्देशन विशाल चतुर्वेदी ने किया है। इसमें शोभिना डब्ल्यू सत्या, विहान एस हेगड़े, चंदन आनंद, पूर्णिमा तिवारी, अनिल के. रस्तोगी और गुलशन पांडे अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। फिल्म के शीर्षक को लेकर विशाल चतुर्वेदी ने कहा कि उन्होंने जानबूझकर 'हनुमान अंश' नाम चुना। उनका कहना है कि फिल्म किसी संत की सीधे पहचान बताने के बजाय एक आध्यात्मिक विचार को सामने रखती है। उन्होंने बताया कि रिसर्च के दौरान नीब करौरी गांव के लोगों ने उन्हें बताया था कि बाबा को 'अंशिक हनुमान' या 'अंशिक अवतार' भी कहा जाता था। इसी सोच से फिल्म का शीर्षक रखा गया।

'कोरियन कनकराजू' का ट्रेलर आउट हुआ



वरुण तेज कोंडिडेला की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'कोरियन कनकराजू' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। करीब 2 मिनट 55 सेकंड के ट्रेलर में फिल्म की कहानी की झलक दिखाई गई है। फिल्म 7 अगस्त को थिएटर्स में रिलीज होगी। इसका निर्देशन मेरलपाका गांधी ने किया है। ट्रेलर में कनकराजू नाम के एक साधारण तेलुगु युवक की कहानी दिखाई गई है, जिसकी जिंदगी तब बदल जाती है जब उस पर दक्षिण कोरिया की एक रहस्यमयी आत्मा का साया पड़ जाता है। इसके बाद उसका व्यवहार पूरी तरह बदल जाता है और उसके सामने कई मुश्किलें खड़ी हो जाती हैं। फिल्म में हॉरर और कॉमेडी का मेल देखने को मिलेगा। फिल्म में रितिका नायक भी हैं। वहीं, सत्या और सुनील भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

भास्कर CLASSIFIED

सर्विसेस
SERVICES

फायनेंस

महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, कृषि, बिज़नेस, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिबिल ख़राब भी कॉल करे:- 9588389672

ज्योतिष
ASTROLOGY

ज्योतिष

फीस नहीं इनाम लूंगा पंडित रविशंकर(गोल्डमेडलिस्ट) मनचाहा प्यार/शादी गृहकलेश पति-पत्नी अनबन सौतन दुश्मन छुटकारा प्रेमविवाह घर बैठे सभी समाधान #9286387958

स्पेशलिस्ट लव मैरिज lover मनाना, घर वाले मनाना, पत्नी का रूठ कर चले जाना, प्रेमी प्रेमिका, पति पत्नी आपसी अनबन ! तुरंत समाधान शास्त्री जी 08437994173 fastlove. astrologer2021.com



बिजनेस
BUSINESS

लघु/गृह उद्योग

डिस्पोजल, प्लास्टिक, थर्माकोल, किरयाना, लोहा, स्टील, स्कूटरी कार इवैन्ट्री, फैक्ट्री लगाओ, मशीन + कच्चा माल लो और तैयार माल दो-8799735018

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

पंजाब नैशनल बैंक ...भरोसे का प्रतीक | pnb punjab national bank ...the name you can BANK upon!

शाखाः मिड कॉर्पोरेट सेंटर (सोनीपत–810600), 31 माइल स्टोन कुंडली, सोनीपत हरियाणा–131028
ईमेल आईडीः mcc8106@pnb.bank.in फोन नंबरः 0130–2219701 / 702

कब्जा सूचना नियम 8(1)

मैसर्स विक्रांत पॉलीफोम उत्पाद, मालिक – श्रीमती सुदेश कुमारी खडवालिया, पंजीकृत पताः 33 / /5/1, 5/2, 5/3, चिटाना रोड, गांव–हुल्लाहेड़ी, सोनीपत, हरियाणा 131001	श्रीमती सुदेश कुमारी खडवालिया (मालिक) मैसर्स विक्रांत पॉलीफोम उत्पाद, आवासीय पता/ फ्लैट नं. 602, व्हाइट लिली रेजीडेंसी, सेक्टर 8, सोनीपत (हरियाणा) पताः 97ए/21, नरेंद्र नगर, राठधना रोड, सोनीपत, हरियाणा 131001,	श्रीमती सुदेश कुमारी खडवालिया एवं श्री. सुभाष चंद खडवालिया (गारंटर) आवासीय पताः फ्लैट नं. 602, व्हाइट लिली रेजीडेंसी, सेक्टर 8, सोनीपत (हरियाणा) पताः 97ए/21, नरेंद्र नगर, राठधना रोड, सोनीपत, हरियाणा 131001

जबकि

पंजाब नेशनल बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (2002 का 54) के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत उधारकर्ता(ओं) को आह्वान करते हुए दिनांक **08.05.2026** को मैसर्स विक्रांत पॉलीफोम उत्पाद मालिक–श्रीमती सुदेश कुमारी खडवालिया रजि. पताः 33 / /5/1, 5/2, 5/3, चिटाना रोड, गांव–हुल्लाहेड़ी, सोनीपत, हरियाणा 131001, मांग नोटिस जारी किया, नोटिस में उल्लिखित राशि रुपये 2,49,09,191.19 (रुपये दो करोड़ उनचास लाख नौ हजार एक सौ इक्यानवे और उन्नीस पैसे) 30.04.2026 तक देय उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिए कहा गया है। उक्त नोटिस के वापस आने पर 25.05.2026 को अंग्रेजी अखबार 'द पायनियर' और 26.05.2026 को हिंदी अखबार 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित किया गया।

उधारकर्ता द्वारा राशि वापस करने में असफल रहने के कारण, उधारकर्ता और आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के साथ पठित उक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति पर **29.07.2026** कब्जा ले लिया है।

उधारकर्ता और आम जनता को एतद्वारा विशेष रूप से संपत्ति / संपत्तियों से लेन–देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से कोई भी लेन–देन पंजाब नेशनल बैंक, के रुपये 2,49,09,191.19 (रुपये दो करोड़ उनचास लाख नौ हजार एक सौ इक्यानवे और उन्नीस पैसे) **और उस पर ब्याज** के अधीन होगा

उधारकर्ता / गारंटर / बंधककर्ता का ध्यान सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

बंधक अचल संपत्ति का विवरणः

प्रॉपर्टी 1: 246 वर्ग गज यानी 08 मरला क्षेत्रफल वाली प्रॉपर्टी का साम्यिक बंधक, जो 01 कनाल 01 मरला जमीन का 8/21 हिस्सा है, खेवट नंबर 626/571, खतौनी नंबर 736, रेक्ट नंबर 27, किला नंबर 15/2/2/1, मिन (1–1) में शामिल है। गाँव लेहरा अब आबादी क्षेत्र 'नरेंद्र नगर', सोनीपत के नाम से जाना जाता है और रेवेन्यू एस्टेट मे श्रीमती सुदेश कुमारी के नाम पर स्थित है सेल डीड वासीका नंबर 4970, तारीख 27.10.1999, सब–रजिस्ट्रार सोनीपत के यहाँ रजिस्टर्ड है। सीमाएँः उत्तर – 72'–0" (अन्य मालिक का प्लॉट और घर), दक्षिण – 81'–0" (10' चौड़ी गली), पूर्व – 19'–6" (गली), पश्चिम – 38'–0" (अन्य मालिक का प्लॉट)।

प्रॉपर्टी 2: 260 वर्ग गज (यानी 9 मरला) एरिया वाली प्रॉपर्टी का साम्यिक बंधक, जो 03 कनाल–13 मरला जमीन का 9/73 हिस्सा है, रेक्टेंगल और किला नंबर 27/ /15/1(0–14), 15/1/2/1(0–16), 15/1/5(0–5), 15/3(1–18) में आती है। मौजूदा समय में यह जमाबंदी 2022–23 के अनुसार खेवट नंबर 560/539, खाता नंबर 640 में शामिल है। यह प्रॉपर्टी सोनीपत नगर निगम की सीमा के अंदर नरेंद्र नगर, सोनीपत इलाके में और लेहरा, तहसील और जिला सोनीपत के रेवेन्यू एस्टेट में श्री सुभाष चंद और श्रीमती सुदेश कुमारी के नाम सेल डीड नंबर 1066, तारीख 21.05.2001 के अनुसार स्थित है, सब–रजिस्ट्रार सोनीपत के ऑफिस में रजिस्टर्ड। इसकी सीमाएं और माप इस प्रकार हैं: पूर्वः 70'–6" सुदेश कुमार का प्लॉट, पश्चिमः 52' पद्मा देवी का प्लॉट और 10' चौड़ी गली, उत्तरः आईटीआई, दक्षिणः 38'–0" कृष्ण का प्लॉट।

दिनांक : 29.07.2026 स्थान : सोनीपत प्राधिकृत आधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक

pnb पंजाब नैशनल बैंक — ई-नीलामी सूचना

(A GOVERNMENT OF INDIA UNDERTAKING) ...जिस नाम पर आप भरोसा कर सकते हैं!

कॉर्पोरेट ऑफिसः प्लॉट नंबर 4, सेक्टर 10, द्वारका, नई दिल्ली-110075
एसेट रिकवरी मैनेजमेंट ब्रांच, SCO: 21, 22, पहली मंज़िल, सेक्टर 12, करनाल ईमेलः cs8260@pnb.bank.in

अचल संपत्तियों के लिए ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी की तारीख और समयः 24.08.2026 (सोमवार) सुबह 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन नियम, 2002) के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी सूचना।

इसके द्वारा आम जनता को तथा विशेष रूप से उधारकर्ता (यों) एवं गारंटर (यों) को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो कि सुरक्षित लेनदार के पास बंधक /भारित है, जिसका रचनात्मक / भौतिक / प्रतीकात्मक कब्ज़ा/ सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उससे संबंधित ऋणी(यों) एवं गारंटर (रों) से बैंक / सुरक्षित लेनदार को देय राशि की वसूली के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित तिथि को **"जैसा है जहां है", जैसी है जो है तथा "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा। ऋणी(यों) एवं गारंटर (रों) से बैंक/सुरक्षित लेनदार का बकाया वसूला जा सके। आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि संबंधित संपत्तियों के सामने नीचे दी गई तालिका के अनुसार उल्लिखित होगी।

सुरक्षित परिसंपत्तियों की अनुसूची

शाखा का नाम उधारकर्ता/गारंटर, खाते का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का विवरण (गिरवी रखी गई / मालिक का नाम) (संपत्ति(यों) के गिरवी रखने वाले)	ए) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग अधिसूचना की तिथि बी) इस तिथि तक बकाया राशि सी) सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(4) के तहत कब्जे की तिथि डी) कब्जे की प्रकृति सांकेतिक/भौतिक/रचनात्मक	ए) आरक्षित मूल्य बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तारीख एवं समय
1. ब्रांच - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ताः मेसर्स गुरदेव सिंह एंड संस(इसके प्रोप. गुरदेव सिंह पुत्र श्री शीशा सिंह, शॉप नंबर 60, अनाज मंडी निसिंग, डिस्ट्रिक्ट करनाल - 132024 के जरिए) श्री गुरदेव सिंह पुत्र श्री शीशा सिंह निवासी वीपीओ दुराना, तहसील अलेवा, डिस्ट्रिक्ट जींद, हरियाणा-126111, गारंटरः श्री गुरदेव सिंह पुत्र श्री शीशा सिंह निवासी बुड्ढा कॉलोनी, वीर सिंह कॉलोनी के पास और रोशन फ्रूट वाला के पास, गोंदर बाईपास, निसिंग, करनाल - 132024.	वीर सिंह कॉलोनी, निसिंग, जिला करनाल – 132024 के पास स्थित 42 कनाल-10 मरला जमीन में से 7/850 हिस्से (यानी 07 मरला) पर बना रिहायशी मकान। यह मकान श्री गुरदेव सिंह (पिता श्री शीशा सिंह) के नाम पर है और इसे टाइटल डीड नंबर 676 (दिनांक 16.06.2006) के जरिए हासिल किया गया था, जो सब-रजिस्ट्रार निसिंग के यहाँ रजिस्टर्ड है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः उत्तरः रोशन लाल का मकान, दक्षिणः गली, पूर्वः किरण पाल का मकान, पश्चिमः गुरदेव सिंह का प्लॉट। देनदारियों/बोझ का विवरणः बैंक को किसी अन्य देनदारी/बोझ की जानकारी नहीं है।	ए) 13(2) 03.08.2018 बी) रु. 37,42,021.79/- साथ ही 01.08.2018 से तय दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य खर्च, जिसमें से अगर कोई रिकवरी हुई हो तो उसे घटा दिया जाएगा, सी) 10.06.2019 डी) भौतिक कब्ज़ा	A) रु. 21,97,000.00 B) रु. 2,19,700.00 C) रु. 10,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
2. शाखा - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ताः मैसर्स मधु ट्रेडिंग कंपनी (इसके मालिक श्री संजीव कुमार गुप्ता के माध्यम से, हनुमान गेट, शांति कॉलोनी, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135001	रेसिडेंशियल हाउस नंबर C-4/1082 (प्रॉपर्टी ID नंबर 126C81U215 और नई प्रॉपर्टी ID नंबर 1KTCQ338) का दक्षिणी हिस्सा, जिसका एरिया 166 स्क्वायर यार्ड है और जो डागन स्ट्रीट, जगाधरी (यमुनानगर-जगाधरी म्युनिसिपल लिमिट्स, तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर) में स्थित है। यह प्रॉपर्टी रजिस्टर्ड सेल डीड नंबर 972 (तारीख 09.04.1959, रजिस्ट्रेशन तारीख 25.01.1960) के तहत श्री मदन लाल पुत्र श्री करेशन चंद के नाम पर थी, जिसके कानूनी वारिसों का रजिस्ट्रेशन सब-रजिस्ट्रार, जगाधरी के पास विधिवत रूप से किया गया है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैंः उत्तर – 45'/श्रीमती मीना रानी की प्रॉपर्टी का हिस्सा, दक्षिण – 45'/श्री अनिल की प्रॉपर्टी, पूर्व – 33'3" जैन मंदिर आदि, पश्चिम – 33'3"/श्रीमती अनीता गोयल की प्रॉपर्टी। देनदारियों/बोझ का विवरणः बैंक को किसी अन्य देनदारी/बोझ की जानकारी नहीं है।	ए) 13(2) 15.03.2019 बी) रु. 65,06,715.60, साथ ही 01.03.2018 से तय दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य खर्च (अगर कोई रिकवरी हुई हो तो उसे घटाकर), सी) 16.07.2019 डी) सांकेतिक कब्ज़ा	A) रु. 17,93,000.00 B) रु. 1,79,300.00 C) रु. 10,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

मेसर्स मधु ट्रेडिंग कंपनी अपने मालिकों के माध्यम से श्री संजीव कुमार गुप्ता, छत्ता बाजार, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135001
श्री संजीव कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री मदन लाल गुप्ता (श्री मदन लाल गुप्ता मालिक और कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी मकान नं. 1082, वार्ड नं. 11, डग्गन स्ट्रीट, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135001
श्रीमती बिमला देवी पत्नी स्वर्गीय श्री मदन लाल गुप्ता (श्री मदन लाल गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी मकान नं. 1082, वार्ड नं. 11, डग्गन स्ट्रीट, जगाधरी, जिला यमुनानगर, हरियाणा - 135001
श्री सुधीर कुमार गुप्ता पुत्र स्वर्गीय श्री मदन लाल गुप्ता (श्री मदन लाल गुप्ता के कानूनी उत्तराधिकारी) निवासी मकान नं. 201, दूसरी मंजिल, एसके टॉवर, नेल्सन स्क्वायर, छिंदवाड़ा रोड, नागपुर, महाराष्ट्र -440013,
श्रीमती मधु बंसल पत्नी श्री गिरदारी लाल, (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी पुत्री) निवासी मैसर्स विद्या सागर एंड संस करियाना मर्चेंट, डाकघर सुबाथू, जिला सोलन HP-173206
श्रीमती इंदु गुप्ता पत्नी श्री देवेन्द्र गुप्ता, (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी पुत्री) निवासी मैसर्स विद्या सागर एंड संस करियाना मर्चेंट, डाकघर सुबाथू, जिला सोलन HP-173206
श्रीमती सुमन गुप्ता पत्नी श्री लखन लाल (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी पुत्री) निवासी मकान नं. डी130, सूरजमल विहार, आनंद विहार के पास, नई दिल्ली - 110092,
श्रीमती विजय गुप्ता पत्नी श्री महावीर प्रसाद (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी पुत्री) निवासी कोठी नंबर 7323, सैनी विहार, फ़ेज 2, पीओ बाल्टाना, जिला SAS नगर, (पंजाब) - 140604
श्रीमती पूनम गुप्ता, पत्नी यशबीर बंसल (श्री मदन लाल गुप्ता की कानूनी उत्तराधिकारी/बेटी), निवासी मकान नंबर 1004, सेक्टर 8, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, अंबाला सिटी, अंबाला (हरियाणा) - 134003

शाखा का नाम उधारकर्ता/गारंटर, खाते का नाम एवं पता	अचल संपत्तियों का विवरण	ए) / बी) / सी) / डी)	ए) आरक्षित मूल्य बी) ईएमडी सी) बोली वृद्धि राशि	नीलामी की तारीख एवं समय
3. शाखा - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ताः मैसर्स केडी ओवरसीज (पार्टनर श्रीमती सत्या रानी पत्नी श्री बिशंभर लाल और श्रीमती सोनाली वर्मा पत्नी श्री साहिल वर्मा के माध्यम से पोल्ट्री एरिया, साहिल पोल्ट्री फार्म के पीछे, नीलोखेड़ी, करनाल - 132117 श्रीमती सोनाली वर्मा, पत्नी श्री साहिल वर्मा, निवासी 110, वार्ड नंबर 6, पोल्ट्री एरिया, नीलोखेड़ी, करनाल श्रीमती सत्या रानी, पत्नी बिशंभर लाल वर्मा, निवासी 110, वार्ड नंबर 6, पोल्ट्री एरिया, नीलोखेड़ी, करनाल; श्री साहिल वर्मा, पुत्र श्री बिशंभर लाल वर्मा, निवासी 110, वार्ड नंबर 6, पोल्ट्री एरिया, नीलोखेड़ी, करनाल श्री बिशंभर लाल वर्मा, पुत्र श्री हंस राज वर्मा, निवासी 110, वार्ड नंबर 6, नीलोखेड़ी, करनाल	संपत्ति नंबर 1: दुकान नंबर 19-A (हिस्सा) का पूरा हिस्सा, जिसका माप 38.88 वर्ग गज है और जो नई अनाज मंडी, निलोखेड़ी, करनाल में स्थित है। यह संपत्ति श्री बिशंबर लाल और श्रीमती सोनाली वर्मा के नाम पर है और इसकी सेल डीड नंबर 783/1 तारीख 13.06.2013 है, जो निलोखेड़ी के जॉइंट/सब-रजिस्ट्रार ऑफिस में रजिस्टर्ड है। सेल डीड के अनुसार इसकी माप और सीमाएँ इस प्रकार हैंः उत्तर में 35' दुकान नंबर 18B, दक्षिण में 35' दुकान नंबर 19B, पूर्व में 10' दुकान नंबर 19A का बचा हुआ हिस्सा, पश्चिम में 10' सड़क। देनदारियों/बोझ का विवरणः बैंक को किसी अन्य देनदारी/बोझ की जानकारी नहीं है। नोटः मैसर्स केडी ओवरसीज बनाम पंजाब नेशनल बैंक - SA/348/2024 का मामला डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल-II चंडीगढ़ में लंबित है। हालाँकि, इस मामले में कोई रोक नहीं है।	ए) 13(2) 22.12.2023 बी) रु. 14,05,64,698.80, साथ ही 01.12.2023 से तय दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य खर्च (अगर कोई रिकवरी हुई हो तो उसे घटाकर), सी) 24.04.2024 डी) सांकेतिक कब्ज़ा	A) रु. 42,02,000.00 B) रु. 4,20,200.00 C) रु. 10,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
	संपत्ति नंबर 2: प्लॉट नंबर 21, डिटेंशन टैंक एरिया, वार्ड नंबर 6, नीलोखेड़ी, करनाल का पूरा हिस्सा (949 वर्ग गज)। यह प्रॉपर्टी श्री साहिल वर्मा पुत्र श्री बिशंबर लाल वर्मा के नाम पर है और इसका मालिकाना हक डीड नंबर 1562/1 (दिनांक 09.12.2016) के तहत है, जो संयुक्त/उप-रजिस्ट्रार नीलोखेड़ी के कार्यालय में विधिवत पंजीकृत है। सेल डीड के अनुसार इसका माप और सीमाएं इस प्रकार हैंः उत्तर - 46'16'' प्लॉट नंबर 14, दक्षिण - 46'16'' प्लॉट नंबर 21 का बाकी हिस्सा, पूर्व - 185' प्लॉट नंबर 20, पश्चिम - 185' सड़क। देनदारियों/बोझ का विवरणः बैंक को किसी अन्य देनदारी/बोझ की जानकारी नहीं है।नोटः M/s KD Overseas बनाम पंजाब नेशनल बैंक - SA/348/2024 का मामला डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल-II चंडीगढ़ के समक्ष लंबित है। हालाँकि, इस मामले में कोई स्टे (रोक) नहीं है।		A) रु. 68,57,000.00 B) रु. 6,85,700.00 C) रु. 10,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
4. शाखा - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ताः श्रीमती बलविंदर कौर पत्नी श्री गुरमीत सिंह निवासी 408, शिवपुरी कॉलोनी। कांसेपुर यमुनानगर-135001 गारंटरः श्री गुरमीत सिंह पुत्र श्री हरबंस सिंह निवासी 408, शिवपुरी कॉलोनी, कांसेपुर यमुनानगर - 135001	प्लॉट नंबर 146 के एक हिस्से पर बने रिहायशी घर का वह पूरा हिस्सा, जिसका माप 113.33 वर्ग गज (यानी 00K-04M) है। यह हिस्सा खेवट नंबर 362 min//359, खतौनी नंबर 608, खसरा नंबर 18//19(8-0) (खाना खस्त में) में शामिल 08K-00M का 4/160 हिस्सा है (जैसा कि 2021-2022 के जमाबंदी रिकॉर्ड में है)। यह संपत्ति मौजा कंसापुर मासूमा शिव पुरी कॉलोनी (जिसे सुंदर विहार के नाम से जाना जाता है), यमुना नगर में स्थित है और यमुना नगर-जगाधरी नगर निगम की सीमा के अंतर्गत आती है। इसे श्रीमती बलविंदर कौर (पत्नी श्री गुरमीत सिंह) ने सेल डीड नंबर 437 (दिनांक 22.04.2014) के जरिए खरीदा था, जो संयुक्त/उप-रजिस्ट्रार जगाधरी के कार्यालय में पंजीकृत है। इसकी माप और सीमाएँ इस प्रकार हैंः उत्तर- 30' प्लॉट नंबर 146 का बाकी हिस्सा (मालकिनः श्रीमती पूजा सचदेवा), दक्षिण- 30' गली (15 फीट चौड़ी), पूर्व- 34' प्लॉट नंबर 146 का बाकी हिस्सा (मालकिनः श्रीमती शाहजा बेगम), पश्चिम- 34' प्लॉट नंबर 147. **देनदारियों/बोझ का विवरणः बैंक को किसी अन्य देनदारी/बोझ की जानकारी नहीं है, सिवाय पंजाब नेशनल बैंक के उस चार्ज (दावे) के जो उधारकर्ता(ओं) को दी गई क्रेडिट सुविधाओं के लिए है।**	ए) 13(2) 02.08.2016 बी) रु. 23,05,671/- साथ ही 01.08.2016 से तय दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य खर्च अगर कोई रिकवरी हुई हो तो उसे घटाकर, सी) 05.01.2024 डी) भौतिक कब्ज़ा	A) रु. 18,35,460.00 B) रु. 1,83,546.00 C) रु. 30,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक
5. शाखा - एआरएमबी, करनाल उधारकर्ताः श्री मनोज कुमार शर्मा पुत्र श्री प्रेम चंद वीपीओ भंभोल, तहसील जगाधरी जिला यमुनानगर-135001 गारंटरः श्रीमती निशा रानी पत्नी श्री मनोज कुमार शर्मा वीपीओ, भंभोल, तहसील, जगाधरी, जिला यमुना नगर-135001	826.50 वर्ग गज का रिहायशी मकान, जो गाँव भंभोल, सब-तहसील सरस्वती नगर (मुस्तफाबाद), तहसील जगाधरी, जिला यमुनानगर की आबादी देह में स्थित है। यह मकान श्री प्रेम चंद के बेटे मनोज कुमार की मिल्कियत है (रजिस्टर्ड ट्रांसफर डीड नंबर 1385, तारीख 03-01-2018, जो सब-रजिस्ट्रार सरस्वती नगर (मुस्तफाबाद) के ऑफिस में रजिस्टर्ड है)। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैंः उत्तरः 96' - पिंकी देवी की प्रॉपर्टी, दक्षिणः 96' - सालभाग की प्रॉपर्टी, पूर्वः 77' 6'' इंच - पिंकी देवी की प्रॉपर्टी, पश्चिमः 77' 6" इंच - 12 फीट चौड़ी सड़क। **देनदारियाँः बैंक को किसी अन्य देनदारी की जानकारी नहीं है, सिवाय पंजाब नेशनल बैंक के उस चार्ज के जो उधारकर्ता को दी गई क्रेडिट सुविधाओं के लिए है।**	ए) 13(2) 06.09.2021 बी) रु. 24,90,952.36, साथ ही 01.04.2021 से तय दर पर अतिरिक्त ब्याज और अन्य खर्च (यदि कोई वसूली हुई हो तो उसे घटाकर), सी) 06.05.2024 डी) भौतिक कब्ज़ा	A) रु. 32,15,700.00 B) रु. 3,21,570.00 C) रु. 50,000.00	24.08.2026 सुबह 11.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक

नोट : संपर्क व्यक्ति : पंजाब नेशनल बैंक, अधिकृत अधिकारी : श्री दीपक कुमार, मोबाइल : 7769988880, एआरएमबी, करनाल

नियम और शर्तेः यह बिक्री सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में बताए गए नियमों और शर्तों और नीचे दी गई अन्य शर्तों के अधीन होगीः
1. संपत्ति "जैसी है जहां है" और "जैसी है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर बेची जा रही हैं। 2. ऊपर दी गई अनुसूची में बताई गई सुरक्षित संपत्तियों का विवरण अधिकृत अधिकारी की जानकारी के अनुसार दिया गया है, लेकिन इस घोषणा में किसी भी गलती, गलत बयान या जानकारी छूट जाने के लिए अधिकृत अधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे। 3. नीलामी बिक्री ई-नीलामी पोर्टल https://baanknet.com के माध्यम से 'ऑनलाइन' होगी। 4. बिक्री की विस्तृत शर्तों के लिए, कृपया https://baanknet.com और https://pnb.bank.in देखें। 5. खरीदार घोषित किए गए व्यक्ति को घोषणा के तुरंत बाद खरीद राशि का बीस प्रतिशत जमा करना होगा जो अधिकृत अधिकारी को सूचित किया जाएगा। ऐसा न करने पर, प्रॉपर्टी को तुरंत दोबारा नीलामी के लिए रखा जाएगा और फिर से बेचा जाएगा।

सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

उधार लेने वाले/गारंटर को सूचित किया जाता है कि वे ई-नीलामी की तारीख से पहले ऊपर बताई गई रकम, साथ ही अब तक का ब्याज और अन्य खर्चों का भुगतान करें। ऐसा न करने पर प्रॉपर्टी की नीलामी/बिक्री कर दी जाएगी और अगर कोई बकाया रकम बचती है, तो उसे ब्याज और खर्चों सहित वसूल किया जाएगा।

स्थान : करनाल दिनांक : 01.08.2026 प्राधिकृत अधिकारी, पंजाब नैशनल बैंक